दिन– शनिवार

दिनांक– 13/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक।

02. राज्य सरकार ने बिहार कला पुरस्कारों की घोषणा की। पद्म श्री दुलारी देवी, बउआ देवी और लोकगायिका कल्पना पटवारी तथा भरत शर्मा समेत बावन कलाकार होंगे सम्मानित।

03. सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। भारत ने नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन का स्वागत किया।

04. और, बिहार लोक सेवा आयोग की इकहतरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा आज। प्रदेश के नौ सौ बारह केन्द्रों पर हो रहा है परीक्षा का आयोजन।

———————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस दौरान श्री नड्डा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं और पदाध्किारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। उनका पार्टी कार्यकर्ताओं से भी संवाद का कार्यक्रम है।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरकार ने पचास हजार रूपये से अधिक के लेनदेन पर निगरानी बढ़ा दी है। राज्य में बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, पोस्ट ऑफिस समेत अन्य वित्तीय संस्थानों से पचास हजार रूपये से अधिक की राशि निकालने वालों की जांच की जायेगी।

———————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि केन्द्र और बिहार सरकार ने मिलकर प्रदेश में चौतरफा विकास के कार्य किये हैं। औरंगाबाद में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार का नाम देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा।

———————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को पूर्णियां एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के साथ ही सीमांचल को कई सौगात देंगे। कटिहार जिले में एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि इससे सीमांचल और अंग प्रदेश का चहुमुखी विकास होगा।

————————————————————————————

राज्य के बावन कलाकारों को कला पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। कला संस्कृति मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने बताया कि तीन वित्तीय वर्ष से यह पुरस्कार नहीं दिया जा रहे थे। जिसे इस वर्ष देने की घोषणा की गयी है। मंत्री ने कहा चित्रा प्रसाद, पद्म श्री से सम्मानित दुलारी देवी और बउआ देवी, कल्पना पटवारी, रत्नेश प्रसाद और अशोक विश्वास को राष्ट्रीय पुरस्कार तथा अनिल बिहारी, सुमन कुमार, पद्मश्री निर्मला देवी और सुमन पासवान, भरत सिंह तथा भरत व्यास को लाईफ टाईम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह चौबीस सितम्बर को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि लाईफ टाईम अचीवमेंट और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कलाकारों को एक–एक लाख रूपये, जबकि स्थापित कलाकारों को इक्यावन हजार और नये कलाकारों को पच्चीस हजार रूपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

————————————————————————————

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफ़ारिश पर संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया है और अगले साल पांच मार्च को नए संसदीय चुनावों की घोषणा की है। इससे पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने कल रात नेपाल की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी है। इधर, भारत ने नेपाल में श्रीमती सुशीला कार्की के नेतृत्व में नई अंतरिम सरकार के गठन का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इससे नेपाल में शांति और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने बर्खास्त किये गये विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों को सेवा में वापसी का मौका दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि संविदा पर नियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीन, कानूनगो, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी और लिपिक काम पर वापस लौटने के लिए विभाग में अपील अभ्यावेदन दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक चौवन अभ्यावेदन पर विचार करते हुये उन्हें सेवा में वापस ले लिया गया है। गौरतलब है कि कई बार चेतावनी देने के बाद भी हड़ताल समाप्त नहीं करने वाले सात हजार संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। परीक्षा का आयोजन सैंतीस जिलों के नौ सौ बारह

केंद्रों पर होगा। परीक्षा दोपहर बारह बजे से शुरू होकर दो बजे तक चलेगी। आयोग के अनुसार कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने के लिए व्यापक तैयारी की गयी है। आयोग ने उम्मीदवारों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने को कहा है। पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का सपना तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद के नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति से साकार हुआ है। इस क्रम में आज हम खाद्य और स्टेशनरी वस्तुओं को कीमतों को प्रभावित करने वाले सुधारों पर नज़र डाल रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यू.पी.आई. पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव पन्द्रह सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। हालांकि व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पूर्णिया, सुपौल, जमुई और नवादा जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के तैयबपुर में सबसे अधिक अड़सठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————

कृषि विभाग ने शारदीय खरीफ मौसम में उर्वरक की कालाबाजारी और अधिक मूल्य वसूली पर रोक लगाने के लिए अब तक तिरपन उर्वरक दुकानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय समीक्षा बैठक के बाद बताया कि दो सौ पचपन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस भी रद्द किये

गये हैं। उन्होंने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को जिला और प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के आदेश दिये हैं।

इधर, खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने पिछले दस दिनों में गड़बड़ी करने वाले एक सौ इकतालीस जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के लाइसेंस रद्द कर दिये हैं। वहीं, इक्यानवें डीलरों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————

एनआईए की टीम ने किशनगंज जिले के सदर थाना क्षेत्र में हलीम चौक इलाके से मोस्ट वांटेड अपराधी महबूब आलम नदवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टी करते हुये कहा कि महबूब मूल रुप से कटिहार जिले के रामपुर हसनगंज गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि महबूब आलम नदवी प्रतिबंधित संगटन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया– पीएफआई का सदस्य है। उस पर देश विरोधी गतिविधियो में शामिल रहने का आरोप है।

———————————————————————

मधुबनी जिले की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के अपहरण मामले में आरोपी राजेश कुमार उर्फ पिंटु को पाँच वर्ष सश्रम कारावास के साथ दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, पटना जिले की एक अदालत ने राईफल के साथ पकड़े गये युवक को ढ़ाई वर्ष कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इधर, जिले के एटीएस की विशेष अदालत ने जाली नोट की तस्करी के मामले में दो लोगों को पांच–पांच साल कारावास और दो–दो हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के नबीनगर में लखपति दीदी समेत अन्य योजनाओं के तहत पंजाब नेशनल बैंक की ओर से ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। पीएनबी के राज्य प्रमुख नाथूराम बंजारा ने बताया कि औरंगाबाद मंडल क्षेत्र में लगभग चार सौ करोड़ रुपये के ऋण वितरण को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि बीस करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया जा चुका है।

———————————————————————

रेलवे ने प्रदेश से गुजरने वाली आठ जोड़ी रेलगाड़ियों को विस्तार किया है। इसके अनुसार अब दानापुर–जोगबनी इंटरसिटी एक्सप्रेस, कैपिटल एक्सप्रेस और गरीब रथ ट्रेन का आरा रेलवे स्टेशन तक विस्तार किया गया है। वहीं, अहमदाबाद से बरौनी के बीच चलने वाली रेलगाड़ी का विस्तार सहरसा तक किया गया है। इसके साथ ही कुछ अन्य रेलगाड़ियों के मार्ग में भी विस्तार किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में पहली बार खेलो इंडिया एनटीपीसी जोनल आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, उड़ीसा छत्तीसगढ़ ,पश्चिम बंगाल और एसपीएसबी, आरएसबी, सीएसईबी, के तीन सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें बिहार के छत्तीस पुरुष और छत्तीस महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता चौदह सितम्बर तक चलेगी।

———————————————————————

दरभंगा जिले के श्रेयांस झा अंडर फिफटीन स्क्वैश रैकिंग में एशिया में शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। श्रेयांस ने इस वर्ष जुलाई में जर्मनी में आयोजित यूरोपियन ओपेन स्क्वैश प्रतियोगिता के अंडर फिफटीन वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन पर लिखा है– कार्की नेपाल की अंतरिम पीएम, प्रतिनिधिसभा भंग, इक्कीस मार्च दो हजार छब्बीस को होंगे आम चुनाव।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की स्क्रूटनी होगी, कट सकता है भाजपा के पन्द्रह विधायकों का टिकट।

दैनिक जागरण लिखता है– हर–गली मोहल्ले में जन औषधि केन्द्र, दूरी का मानक खत्म।

प्रभात खबर का शीर्षक है– बिहार का विकास दर तेरह दशमलव नौ प्रतिशत, राष्ट्रीय औसत नौ दशमलव आठ प्रतिशत से ज्यादा।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– पटाखों पर प्रतिबंध दिल्ली–एनसीआर में ही क्यों। आज अखबार की सुर्खी है– बिहार कांग्रेस के एआई जेनरेटेड वीडियो पर बवाल।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक।

02. राज्य सरकार ने बिहार कला पुरस्कारों की घोषणा की। पद्म श्री दुलारी देवी, बउआ देवी और लोकगायिका कल्पना पटवारी तथा भरत शर्मा समेत बावन कलाकार होंगे सम्मानित।

03. सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। भारत ने नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन का स्वागत किया।

04. और, बिहार लोक सेवा आयोग की इकहतरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा आज। प्रदेश के नौ सौ बारह केन्द्रों पर हो रहा है परीक्षा का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।